PRESS CLIPPINGS

Press Information Bureau Govt. of India, Jalandhar		
Name of the Newspaper	Dainik Jagran	
Date	**27-08-2021**	**Language –** Hindi

38 करोड़ असंगठित श्रमिकों को मिलेगी सामाजिक सुरक्षा

डाटा बेस तैयार करने के लिए लांच किया गया ई-श्रम पोर्टल, मोबाइल और आधार नंबर से मुफ्त में होगा पंजीयन

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: 38 करोड़ असंगठित और प्रवासी श्रमिकों का डाटाबेस तैयार करने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने को केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को ई-श्रम पोर्टल लांच किया। इसके लिए श्रमिकों को आधार नंबर, मोबाइल नंबर और बैंक खाता नंबर देना होगा। पंजीयन पूरी तरह से मुफ्त होगा और श्रमिक कामन सर्विस सेंटर पर जाकर भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। पंजीयन कराने वालों को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर जारी किया जाएगा। फिलहाल पंजीयन कराने वाले श्रमिकों को दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा लाभ दिया जाएगा।

घर में काम करने वालों से लेकर 10 से कम कर्मचारी वाली संस्था से जुड़े श्रमिक भी पोर्टल पर पंजीयन करा सकेंगे। एक मोबाइल नंबर से चार श्रमिकों का पंजीयन हो सकेगा। पंजीकृत होने वाले श्रमिकों के पास हर साल मैसेज आएगा और उसे यस करने पर पंजीयन अपडेट होता रहेगा। टोल फ्री काल सेंटर भी गुरुवार से शुरू कर दिया गया। पोर्टल को विकसित करने से लेकर उससे जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए 704 करोड़ रुपये का आवंटन किया है।

असंगठित क्षेत्र में 400 से अधिक काम: केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अभी 400 से अधिक प्रकार के कार्यों को असंगठित क्षेत्रों में रखा गया है। राज्यों को श्रमिकों का पंजीयन इस पोर्टल पर करने के लिए कहा गया है। पंजीकृत श्रमिकों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

पंजीयन के काम की होगी निगरानी: पंजीयन के काम की लगातार निगरानी भी की जाएगी और इस काम के लिए राज्य स्तर पर वहां के मुख्य सचिव के नेतृत्व में निगरानी समिति बनाई जाएगी। वैसे ही पंजीयन कार्य के अमल के लिए जिलाधिकारी की निगरानी समिति बनाई जाएगी।

PRESS CLIPPINGS

Press Information Bureau Govt. of India, Jalandhar		
Name of the Newspaper	Uttam Hindu	
Date	**27-08-2021**	**Language –** Hindi

नंगल में केंद्र सरकार की 'ई श्रम कार्ड' योजना शुरू

नंगल/अशोक चोपड़ा : केंद्र सरकार द्वारा आम जनता के लिए शुरु की गइ''ई श्रम कार्ड' योजना का शुभारंभ नंगल के मोहल्ला राज नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक कस्टमर सर्विस प्वाईंट में नंगल मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेश चौधरी ने किया और इस दौरान 20 से भी अ़धिक लोगों को ई श्रम कार्ड जारी किए। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते भारतीय स्टेट बैंक कस्टमर सर्विस प्वाईट के संचालक प्रदीप कौशल ने बताया कि ई श्रम कार्ड योजना उन लोगों के लिए केंद्र सरकार ने शुरू की है।उ न्होने कहा कि जो भी यह कार्ड बनवाना चाहता है वह अपने साथ आधार कार्ड,बैंक की पास बुक व अपना मोवाइल साथ लेकर आए और कार्ड का प्रिंट निकलवाने के बदल कोई पैसा नही लगेगा। इस मौके पर नंगल मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेश चौधरी ने सभी क्षेत्र वासियों को ई श्रम कार्ड बनवाने की अपील की।इस मौके पर मोनिका, प्रियका, कामिनी, रविंद्र कुमार व तिलक राज लक्की इत्यादि भी उपस्थित थे।